संक्षिप्त समाचार

25 करोड़ राम नाम लिखी पुस्तक परिक्रमा आज से शुरू

सीमा संदेश संवाददाता

डेगाना। शहर के वेंकटेश सत्यनारायण मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम नाम लिखी पुस्तकों की परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। राकेश करवा ने बताया कि मंदिर में लगातार सात साल ये आयोजन हो रहा है। मंदिर प्रबंधक बैधनाथ करवा ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर 22 मार्च से 6 अप्रैल तक 25 करोड़ लिखित राम नाम पुस्तक की परिक्रमा का आयोजन होगा। करवां ने बताया कि ये आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक परिक्रमा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें भक्त गण राम नाम लिखित पुस्तक की परिक्रमा कर पुण्य कमा सकते है। इस आयोजन को लेकर मंदिर प्रांगण में राम नाम लिखित पुस्तक की झांकी सजाई जा रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी ने जेपी नड्डा से की मुलाकात

परबतसर (सीमा संदेश संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी ने सोमवार को नई दिल्ली संसद भवन में भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर शिष्टाचार भेंट की। पूर्व केंद्रीय चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पूर्वोत्तर में भाजपा को ऐतिहासिक जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दी। त्रिपुरा और नागालैंड में भाजपा की जीत माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के संकल्प की जीत है। यह जीत मोदी जी के उत्तर पूर्वी राज्यों को विकास की मुख्य धारा में लाने के संकल्प को सुदृढ़ करेगी।

रूपाली गणगौर महोत्सव का किया आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

परबतसर। महेश्वरी महिला मंडल परबतसर द्वारा सोमवार 20 मार्च 2023 को महेश्वरी भवन में रूपाली गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। महिला मंडल की अध्यक्षा दुर्गा झवर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व भगवान महेश की पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सचिव सुनीता राठी ने बताया कि कार्यक्रम में गणगौर के गीत नृत्य झाला डांडिया नृत्य रखे गए। सर्वप्रथम नागौर जिला नवयुवक मंडल अध्यक्ष अजय राठी, नागौर जिला महिला मंडल अध्यक्ष शोभा मूंदड़ा, नागौर जिला महिला मंडल संयुक्त मंत्री सुमन राठी का सम्मान स्थानीय महिला मंडल अध्यक्षा व पदाधिकारियों द्वारा किया गया। गणगौर में नृत्य की प्रस्तुति महिलाओं व नन्हीं बालिकाओं द्वारा दी गई। हल्दी-मेहंदी, मायरा व वरमाला की प्रस्तुति नृत्य के द्वारा दी गई। स्थानीय महिला मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी व समाज की सभी महिलाएं उपस्थित थी। गणगौर ईसर की सवारी शहर के सभी मुख्य मार्गों द्वारा निकाली गई।

पदयात्री मुकेश कुमार का किया स्वागत

सुरेरा (सीमा संदेश संवाददाता)। सुरेरा गांव में पदयात्री मुकेश कुमार का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कुलदीप सिंह ने बताया कि अजमेर के मुकेश खतवानी सूर्य मंदिर अजमेर से खाटूश्यामजी, हरिद्वार होते हुए केदारनाथ(उत्तराखण्ड)1150 किलोमीटर की यात्रा की 2-3महीनों में पूरी पैदल यात्रा करेंगे । इस दौरान सुरेरा में पहुँचने पर श्री मां करणी रेस्टोरेंट सुरेरा पर कुलदीप सिंह राजलिया द्वारा उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया और आगे की सम्पूर्ण यात्रा के लिए शुभकामनाये प्रेषित की। मुकेश कुमार ने पत्रिका सवांददाता को बताया सपनों में दिखाई दिया केदारनाथ बाबा दर्शन फिर मेने निर्णय लिया केदारनाथ बाबा दर्शन करेंगे। फिर पैदल ही 14 मार्च को अजमेर से रवाना हो गया। हाथों में निशान लेकर बाबा के जयकारे लगते पैदल ही रवाना हो हुआ। इस पदयात्री का जगह जगह रास्ते में स्वागत किया जा रहा है।

एसीजेएम मनी वालिया की माताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

परबतसर (सीमा संदेश संवाददाता)। एसीजेएम मनी वालिया की माताजी सरदारनी गुरु शरण कोर(राष्ट्रीय पुरुस्कृत प्रधानाध्यापिका) के आकस्मिक निधन पर वकीलों, कोर्ट स्टाफ ने दी श्रद्धांजलि। मीडिया प्रभारी दीनानाथ योगी ने बताया की वकील बिरधाराम चौधरी, श्यामसुंदर चौहान, अनिल जोशी, अरुणकुमार माथुर, प्रेमप्रकाश जोशी, रामनिवास दिवाकर, गोपाल पुनिया, के एल आचार्य, सुशील स्वामी, विनोद बागड़ा, विजेंद्र सिंह, दिनेश सैनी, हितेंद्र रामावत, सुशील स्वामी, गोपाल सिंह, आशीष शर्मा, शैतान सिंह, अजीज खान, सुबरात अली, अशोक दाधीच भड़सिया सहित रीडर कृष्णकांत दीक्षित, राजेश व्यास, प्रताप सिंह, छोटूराम गुर्जर, देवेंद्र शर्मा, श्रवण प्रजापत, सुनील काबरा, राधेश्याम, सुमनेश, बारूपाल, पार्षद जय गोपाल सहित समस्त वकीलों, कोर्ट स्टाफ ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

नववर्ष की पूर्व संध्या पर 1008 दीप जलाकर व रंगोली सजाकर नववर्ष का किया स्वागत

केकड़ी (सीमा संदेश संवाददाता)। भारत विकास परिषद द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घंटाघर पर 1008 दीपक जलाकर भव्यतम रंगोली सजाकर नव वर्ष का स्वागत किया गया।इस मौके पर शाखा अध्यक्ष कैलाश चंद जैन,सचिव रामधन प्रजापत, कोषाध्यक्ष विमल कोठारी, संरक्षक रामनरेश विजय, प्रांतीय स्वास्थ्य योग प्रभारी सर्वेश विजय, महेश मंत्री,दिनेश वैष्णव,भगवान स्वरूप माहेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार माहेश्वरी माहेश्वरी, अनिल राठी, शिवप्रकाढ गर्ग, यज्ञनारायण सिंह,किशन प्रकाश सोनी, यशवंत बेली, पूर्व सचिव बहादुर सिंह शक्तावत, नंदलाल गर्ग, डॉ विष्णु कुमार तेली,गोविंद गर्ग, अनिल दत्त शर्मा,रामगोपाल सैनी, श्याम सुंदर माहेश्वरी,हीरालाल सामरिया, श्यामसुंदर मूंदड़ा, जगदीश खंडेलवाल निहालचंद मेडतवाल, सूर्य प्रकाश विजय, रामनिवास जैन सहित परिषद की महिला सदस्य उपस्थित रहे।

संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने ली समीक्षा बैठक

सीमा संदेश संवाददाता

नागौर। संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संभागीय आयुक्त ने शुद्ध के लिए युद्ध अभियान पर चर्चा करते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच करने तथा गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निशुल्क दवा योजना व निशुल्क जांच योजना तथा चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना पर चर्चा करते हुए चिकित्सा अधिकारियों से फीडबैक लिया तथा चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों का मुख्यमंत्री चिरंजीव स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें तथा उन्हें सहायता प्रदान करें। जिला रसद अधिकारी से जिले में उचित मूल्य की दुकानों पर वितरण किए जाने वाले गेहूं की गुणवत्ता की जांच करने तथा उचित मूल्य की दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण करने एवं दुकानों के आवंटन की जानकारी व जिले में संचालित समस्त ई-मित्र की जानकारी लेकर उनका भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश दिए। बैठक में संभागीय आयुक्त ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि विवाहित जोड़ों का 100 प्रतिशत विवाह प्रमाणीकरण होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने एकल नारी पेंशन योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा सिलिकोसिस बीमारी से बचाव हेतु जिले में शिविरों का आयोजित करवाने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने खनन एवं सफाई कर्मचारियों को उनकी सुरक्षा के लिए मास्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बीएल मेहरा ने बैठक के दौरान इंदिरा रसोई योजना एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा की तथा उन्होंने अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित करने तथा मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत युवाओं को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त मेहरा ने जिला पुलिस अधीक्षक से जिले में कानून व्यवस्था पर जानकारी लेते हुए जिले के विभिन्न थानों का समयबद्ध तरीके से निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए किसान ऊर्जा मित्र योजना के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने जिले में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जिले में संचालित होने वाली ट्यूबवेल एवं हैंडपंप की जानकारी ली और साथ नहरबंदी के दौरान पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए किए जाने वाले बचाव व उपचार की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पतालों में उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बजट 2023 -24 की घोषणा की पूर्ण क्रियान्विति से संबंधित चर्चा करते हुए भूमि आवंटन, सरकारी कार्यालयों के वैकल्पिक भवनों का चिन्हिकरण तथा विभागवार बजट घोषणा से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए संबंधित अधिकारी भौतिक सत्यापन करें तथा अधिकारी अपने व्यवहार में कुशलता के साथ कार्य करते हुए निष्पक्ष तरीके से उनका निस्तारण करें। इस दौरान उन्होंने निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री बाल गोपाल दूध योजना की भी समीक्षा की। इससे पूर्व संभागीय आयुक्त ने जिला कलेक्टर कार्यालय, लेखा शाखा, कोषाधिकारी कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने डाक प्राप्ति की आवक पंजिका में संधारण के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कर्मचारियों को आमजन के कार्यों का शीघ्र निस्तारण करने के दिशा निर्देश दिए।

अंतरराष्ट्रीय वानिकी दिवस पर विद्यालय में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

सीमा संदेश संवाददाता

नागौर। अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस 2023 के अवसर पर वन विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार 21 मार्च को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालवा में किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी हेमेंद्र फिडोदा ने बताया कि इस बार अन्तराष्ट्रीय वानिकी दिवस, 2023 की थीम स्वन एवं स्वास्थ्यस है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पदमश्री हिम्मताराम भाम्बू ने कहा की वनों द्वारा ही हम स्वस्थ है और हम सब को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान उप वन संरक्षक ज्ञानचंद ने कहा कि स्वस्थ वन ही लोगो को स्वस्थ रख सकते हे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक आमजन को जागरूक कर पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया जायेगा व नागौर जिले को हरा-भरा बनाया जायेगा। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि इस मौके पर वन एवं स्वास्थ्य विषय पर स्कूल के छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता आयोजित करवाई गयी तथा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाले विधार्थियों को विभाग द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के प्रभूराम हुडडा, सम्पत रोज, अन्जू निरमा जाखड़, घनश्याम एवं स्कूल स्टॉफ के सदस्यों सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नौ दिवसीय माता के दरबार में होंगे धार्मिक कार्यक्रम

आज निकलेगी कलशयात्रा

सीमा संदेश संवाददाता

सुरेरा। सुरेरा के निकटवर्ती भारीजा गाँव में दुर्गा माता का दरबार सजा फूलों से सजा दरबार। मन्दिर को लाईट डेकोरेशन माता का दरबार सजाया गया है। मन्दिर पुजारी प्रेमचंद स्वामी,राजेन्द्रसिंह भारीजा ने बताया कि आज बुधवार से प्रथम नवरात्र को लेकर गांव में कलशयात्रा निकाली जाएगी। गणेशजी मन्दिर से गाजे बाजे के साथ सुबह 8:15 बजे कलशयात्रा रवाना होगी। कलशयात्रा गाँव के विभिन्न मार्ग से होती हुई माताजी

के मंदिर प्रांगण पहुँचेगी। नवरात्र नो दिन माता के दरबार में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे।

अपराधियों के खिलाफ अभियान में 9 गिरफ्तार

सीमा संदेश संवाददाता

डेगाना। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वृत्ताधिकारी डेगाना नंदलाल सेनी के नेतृत्व में डेगाना, गच्छीपुरा, थांवला ओर पादू थानाधिकारियों की संयुक्त टीमों द्वारा सोमवार को सीआरपीसी में वांछित अपराधी, हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्रीशीटर्स, मुकदमों में वांछित, मादक पदार्थों/अवैध हथियार/अवैध शराब की तस्करी में लिप्त अपराधियों की धर-पकड़ को लेकर चलाये अभियान के तहत विभिन्न अपराधों में पुलिस ने वांछित 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उप अधीक्षक नंदलाल सेनी ने बताया की सोमवार को सुबह 4 से लेकर 8 बजे तक चारों थाना क्षेत्रों में विभिन्न मामलों में फरार और वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जिसमें 9 अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को कामयाबी मिली। जिसमें मदनगंज किशनगढ़ से एक अल्टो कार चोरी के मामले में 2 महिने से फरार चल रहे रामकुवांर पुत्र मदनदास निवासी रिंया बडी थाना पादू, नकबजनी के मामले मे फरार गोल्या उर्फ मटलिया जाति बनबागरिया निवासी रिंया बडी, दो साल से फरार चल रहे कुर्की वारंटी तेजाराम पुत्र किशनाराम बावरी निवासी रावलियास थाना गच्छीपुरा को गिरफ्तार किया गया। इसर प्रकार से स्थाई वारंटी रामदेव गौदारा निवासी लुणियास, शैतानराम पुत्र भागुराम नायक निवासी थांवला ओर गिरधारी राम पुत्र हरदीनराम जाट को गिरफ्तार किया। अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में पुलिस को वांछित विमला देवी पत्नी पांचाराम बावरी मोडी कला, नाथुराम पुत्र हीराराम बावरी निवासी जैजासनी को गिरफ्तार किया गया।

इस अभियान में थानाधिकारी पादू सुमन कुलहरी, थांवला के हीरालाल व गच्छीपुरा तथा डेगाना पुलिस अधिकारी और बजरंगसिंह हैड कानि., महिपाल कानि., श्रवणकुमार कानि., महेन्द्र खोखर कानि., चन्द्रप्रकाश कानि., श्यामलाल कानि.व सुश्री चन्दा कानि. सहित टीम द्वारा उद्घोषित अपराधी, स्थाई वारंटी, भगौड़े , ईनामी अपराधी, सीआरपीसी में वांछित अपराधी, हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्रीशीटर्स, मुकदमों में वांछित, मादक पदार्थों/अवैध हथियार/अवैध शराब की तस्करी में लिप्त अपराधियों तथा हाईवे पर स्थित संदिग्ध होटलों एवं ढाबों पर व कायमखानी की ढाणी डेगाना रावलियावास व संदिग्ध स्थानों पर दबीशें/छापे की कार्यवाही करते हुये अपराधियों को पकडने मे सफलता हाथ लगी। डेगाना डिप्टी ने बताया की अपराधियों मे खौफ ओर आम जन मे विश्वास पैदा करने के लिए जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशन सोमवार को पुरे जिले मे ये अभियान चलाया गया। जिससे अपराधियों मे खलबली मच गई।

पुरानी पेंशन लागू करने को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

सीमा संदेश संवाददाता

डेगाना। पूरे देश में एनपीएस के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को सुबह गाड़ी संख्या 22977 जयपुर-जोधपुर पर डेगाना स्टेशन पर आल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के आह्वान पर नई पेंशन नीति को खत्म कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने को लेकर शाखा सचिव कॉमरेड बी.एल.भाटी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। भाटी ने बताया कि एनपीएस को खत्म कर पुरानी पेंशन को लागू करवाना हम सबकी लड़ाई है जिसे हमे मिलकर लड़ना है। अआईआरएफ संगठन द्वारा महासचिव शिवगोपाल मिश्रा के मार्गदर्शन में निरंतर एन पी एस के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है इसके बावजूद भी सरकार द्वारा इस ज्वलंत मुद्दे पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। आज एम-एल -ए, एम -पी हर बार अलग अलग पेंशन प्राप्त करते है परन्तु जो कर्मचारी रात दिन एक करके ड्यूटी करते है उनकी सामाजिक सुरक्षा से सरकार को कोई सरोकार नही है।कई राज्य सरकारें भी कर्मचारियों के लिए एनपीएस को हटाकर पुरानी पेंशन लागू कर चुके है। इस प्रदर्शन में बी.एल.भाटी के साथ शाखा अध्यक्ष महेन्द्र राज गुर्जर, शाखा उपाध्यक्ष अवधेश कुमार, रहीस खान सदस्य अब्दुल वहीद, एल. आर.जनागल, हनुमान नोदल, प्रहलाद, गजेंद्र सिंह,आईदान, नरेश, प्रभु राम, मुकेश कुमार, किशन, रोहिताश कुमार बलदेव, शंकर, प्रेमनाथ, मेघा राम विक्रम कुमार, हरेंद्र नोदल, बंशीलाल, गजेंद्र सिंह समेत कई साथी मौजूद रहे एवम सरकार की पुरानी पेंशन योजना लागू नही करने पर केंद्र सरकार की कड़ी भर्त्सना की। यदि समय रहते पुरानी पेंशन को लागू नही किया गया तो वह दिन दूर नही होगा जब सारे केंद्रीय कर्मचारी रेल का चक्का जाम कर देंगे।

जीणमाता मेले में दुकानदारों को दिए बिजली के अस्थाई कनेक्शन

सीमा संदेश संवाददाता

दांतारामगढ़ /जीणमाता। जीणमाता मेले दुकानदारों को अस्थाई कनेक्शन दिया गया। जेएन दुधवा रजनी सोनी ने बताया कि 28 दुकानदारों को बिजली के अस्थाई कनेक्शन जीणमाता मेले में मंगलवार को दिया गया, और अस्थाई कनेक्शन आगे भी देगे। दांतारामगढ़ एएन कार्यालय से बाबूलाल मीणा, रजनी सोनी जेएन दुधवा,कैशियर रविंद्र चेटीवाल, सीसी बाबू ,राजेंद्र कुमावत उपस्थित रहे। साइट पर अस्थाई कनेक्शन फीडर प्रभारी बनवारीलाल, मुरलीधर, ताराचंद, सुवालाल, जगदीश प्रसाद, विकेकनन्द, सागरमल, मोहनलाल सहित कर्मचारियों की जीणमाता मेले ड्यूटी लगाई है।

जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

कुचामन सिटी। मंगलवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर भगवान के मंदिर में जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव कार्यकारिणी में अध्यक्ष महादेव बल्डवा आसपुरा, उपाध्यक्ष नरेश कुमार गेपाल आनंदपरा, रामकुमार पांचवा, बाबूलाल जयलवाल, सुरेश रोसावा, मंत्री सुशील कुमार

बल्डवा चांदपुरा, उप मंत्री जगदीश प्रसाद बंडेला मंडावरा, कोषाध्यक्ष सुरेश चोयल कुचामन सिटी, उप कोषाध्यक्ष गोपाल बोदल्या कुचामन, भंडारपाल गुलाब चंद लोहंडीवाल, मीडिया प्रभारी कमल किशोर प्रेमपुरा, व्यवस्थापक धनराज हर्षवाल, माणक चंद सीधड, हरीश चंद सीधड़, दिनेश कुमार बल्डवा, बाबू लाल जायलवाल को शपथ दिलवाई गई। नवनिर्वाचित कमेटी के द्वारा आगामी कार्ययोजना और रूपरेखा बनाई गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रतन लाल सीधड़, नेमीचंद झींटवा, महवीर प्रसाद सीधड, सुरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, रविन्द्र कुमार, नितेश कुमार, बाबू लाल, मुकेश भीरानिया, रामप्रसाद जयलवाल, मोहन राम बल्डवा, नंदकिशोर, दीपक बोदलिया, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

ओलों से खेतों मे बिछी बर्फ की सफेद चादर

फसलों को भी हुआ भारी नुकसान

सीमा संदेश संवाददाता

डेगाना। मौसम के बिगड़ते मिजाज के चलते रविवार और सोमवार की रात को आई बेमौसम की बरसात के साथ डेगाना क्षेत्र के कई गांवों मे औले गिरे। जिससे खेतों मे बर्फ की सफेद चादर सी बिछी नजर आई। तथा अचानक आई इस बरसात ओर हवाओं के कारण वातावरण सर्द हो गया। रात को एक बार फिर से लोगों को रजाई निकालनी पड़ी। इस बरसात से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार इन्हीं दिनों खेतों में किसानों की फसलें पक कर तैयार हुई और किसान जैसे ही फसल काटने की तैयारियां करने लगा उसी समय अचानक आई इस बरसात ने किसानों के सपनों पर भी पानी फेर दिया। डेगाना क्षेत्र के सांजू, थांवला, जाखेडा, जावला बैल्ट मे इस बरसात ने ईसबगोल ओर जीरें की फसल को भारी नुकसान किया है।

जिसे देख किसानों की आखों मे आंसू छलक आये। जानकारी के अनुसार डेगाना क्षेत्र मे 40 से 50 फिसदी तक फसलों मे खराबा होने का अनुमान है। किसानों ने नुकसान की भरपाई कराने के लिए गिरदावरी करवा कर नुकसान का आंकलन कराने की मांग की है। जिससे सरकार से फसल बीमा राशि का क्लेम वसूला जा सके।

HFS Hiranandani Financial Services

हीरानंदानी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड

•रजि. कार्यालय: 514, डालामल टावर्स, 211 फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400 021, एमएच. • कॉर्पोरेट कार्यालय: 9वीं मंजिल, सिग्मा टावर्स, हीरानंदानी बिजनेस पार्क, टेक्नोलॉजी स्ट्रीट, पवई, मुंबई-400 076, महाराष्ट्र। • ईमेल: wecare@hfs.in वेबसाइट: www.hfs.in • दूरभाष सं.: (022) 2576 3623 • सीआईएन सं.: U65999MH2017PTC291060

सार्वजनिक सूचना

हीरानंदानी फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि. (बाद में एचएफएस के रूप में संदर्भित) यह जन सामान्य को सूचित करती है कि एचएफएस से मैसर्स देव लटकन एण्ड जरी के मालिक श्री विजय सहजवानी और मीरादेवी सहजवानी ने व्यापार के उद्देश्य से उद्यम ऋण रु. 7,55,339/-(रुपये सात लाख पिचहन हजार तीन सौ उनतालीस मात्र) लिया गया, उपर्युक्त डिफॉल्टरों ने अपने बकाया की अदायगी के बिना कंपनी ऋण पर चूक की है और दोनों डिफॉल्टरों का पता नहीं लगाया जा सकता है और न ही संपर्क किया जा सकता है।

उक्त व्यक्ति मिलने पर कृपया नीचे दिये गये नम्बर पर तुरन्त सम्पर्क करें **श्री विष्णु योगी** शाखा संग्रह प्रबंधक हीरानंदानी फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लिमिटेड मो. नंबर 9887353018

दिनांक : 21.03.2023 हस्ता/-

स्थान: जयपुर, राजस्थान. हीरानंदानी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड

ईसीएल फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : पांचवां तल, टॉवर 3, विंग बी, कोहिनूर सिटी माल, कोहिनूर सिटी, किरोल रोड, कुर्ला (प.) मुम्बई-400070, और ईसीएल फाइनेंस लिमिटेड शाखा कार्यालय, जी बिजनेस पार्क, 7वां तल, अग्रसेन सर्किल, सी-स्कीम, जयपुर

Edelweiss Ideas create, values protect

ई-नीलामी-30 दिन का वैधानिक बिक्री नोटिस

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अधीन ई-नीलामी द्वारा विक्रय।

यहां जन सामान्य को एवं विशेष रूप से ऋणधारक, सह-ऋणधारक व जमानतदार को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित सारणी में उल्लेखित बकाया ऋण की वसूली तक नीचे उल्लेखित सम्पत्ति ''**जैसी है जहां है**'', ''**जो भी वहां है**'' **तथा** ''**वहां जो भी है**'' पर विक्रय की जाएगी। यह सम्पत्ति ऋणधारकों), सह-ऋणधारक(ों) व जमानतदार(ों) द्वारा उठाए ऋण के लिए **मैसर्स ईसीएल फाइनेंस लिमिटेड** को बंधक रखी हुई है। सुरक्षित लेनदार नीचे उल्लेखित सुरक्षित आस्ति का भौतिक कब्जा रखता है।

ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों)/ जमानतदार(ों) का नाम	वसूली की राशि	आरक्षित मूल्य व ईएमडी	नीलामी की तिथि और समय	निरीक्षण की तिथि और समय	भौतिक कब्जे की तिथि
मैसर्स जैन इंडस्ट्रीज (ऋणधारक) श्री कमल कुमार बोथरा(सह-ऋणधारक) श्री मूल चंद बोथरा (सह-ऋणधारक) श्री त्रिलोचन दास (सह-ऋणधारक) श्री विनोद कुमार बोथरा (सह-ऋणधारक)	20.03.2023 को ऋण खाता संख्या LJPRLAP0000069595 के अधीन **रु. 2,70,91,715.62/-** (रुपए दो करोड़ सत्तर लाख इक्यानवे हजार सात सौ पन्द्रह व पैसे बासठ मात्र) इस पर आगामी ब्याज+विधिक खर्चे	**रु. 3,70,00,000/-** (रुपये तीन करोड़ सत्तर लाख मात्र) **बयाना राशि जमा रु. 37,00,000/-** (रुपये सैंतीस लाख मात्र)	**27-04-2023 प्रात 11 से दोपहर 12 बजे के बीच (5 मिनट के असीमित स्वतः विस्तार के साथ)**	**24-03-2023 प्रात 11.00 से सायं 3.00 बजे के बीच**	06-10-2022

सुरक्षित आस्ति का विवरण : रीको इंडस्ट्रियल एरिया बिंदायका जयपुर 302012 स्थित सम्पत्ति औद्योगिक भूखंड नं. एफ-69 के समस्त हिस्से व खंड, कुल क्षेत्र 1950 वर्ग मीटर, **सीमाएं : पूर्व :** प्लॉट नं. एफ-70, **पश्चिम :** प्लॉट नं. एफ-68, **उत्तर :** सड़क 18 मीटर, **दक्षिण :** कृषि भूमि।

नोट : 1) नीलामी बिक्री वेबसाइट https://sarfesi.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन होगी और इस 'ऑनलाइन ई-नीलामी' में केवल वही बोलीदाता शामिल होने के पात्र होंगे जो अधिकृत ईमेल, आईडी प्रमाण व फोटो प्रमाण, पैन कार्ड रखते हैं और जिन्होंने डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से राशि जमा करवा दी हो।

2) इच्छुक बोलीदाता अपनी ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस से लाभार्थी नाम : ईसीएल फाइनेंस लिमिटेड को प्रस्तुत करें।
बैंक : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, खाता संख्या 61300847940, सरफेसी-नीलामी, ईसीएल फाइनेंस लि., आईएफएससी कोड : SBIN0001593

3) ईएमडी सहित ऑनलाइन बोली आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26-04-2023 है।

4) विक्रय की विस्तृत शर्तों व नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट https://sarfesi.auctiontiger.net पर जाएं या कृपया श्री मौलिक श्रीमाली से फोन +91 6351896643/9173528727 पर संपर्क करें, हेल्पलाइन ई-मेल आईडी : support@auctiontiger.net

मोबाइल नं. 9768746624/9899430497 **हस्ता./-प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 22.03.2023 **ईसीएल फाइनेंस लि.**